**मीरजापुर पुलिस**

**—प्रेस नोट—**

**दिनांकः22.03.2024**

**शादी कराने के नाम पर डरा-धमका कर अवैध रूप से धन उगाही करने वाले गिरोह का पर्दाफाश 09 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मोटर साइकिल व नगदी बरामद —**

थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 20.03.2024 को वादी जगत राम पुत्र स्व0 कल्लू निवासी अतरौली घगऊवा, थाना जरिया जनपद हमीरपुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध शादी हेतु रिश्ते का झाँसा देकर बुलाकर मारने पीटने , गाली देते हुए अवैध पैसा मागंने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-45/24 धारा 147/420/384/323/504 भादवि, पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। इसी क्रम में वादी रामनारायण अग्रवाल पुत्र श्यामचरण अग्रवाल निवासी मोठ थाना मोठ जनपद झांसी द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध शादी हेतु रिश्ते का झाँसा देकर बुलाकर मारने पीटने , गाली देते हुए अवैध पैसा मागंने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-46/24 धारा- 147/323/506/420/386 भादवि, पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा उक्त दोनों घटनाओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु थानाध्यक्ष राजगढ़ को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में एस.ओ.जी./सर्विलांस व थाना राजगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांकः 22.03.2024 को जरिए मुखबिर सूचना आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्रांर्गत ग्राम शाहगंज रोड़ नदी पुल के पास ग्राम नदिहार से 09 अभियुक्तों 1. शहजाद उर्फ दिलीप पुत्र सकूर अली निवासी सतौहा थाना घोरावल जनपद सोनभद्र , 2. शैलेश कुमार उर्फ सत्या पुत्र अनिल कुमार निवासी सतौहा,थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, 3. जितेन्द्र बिन्द उर्फ देवकी पुत्र जगदीश प्रसाद बिन्द निवासी सोनवर्ष थाना राजगढ जनपद मीरजापुर , 4. सन्तोष बिन्द पुत्र जगदीश बिन्द निवासी सोनवर्षा थाना राजगढ ,जनपद मीरजापुर , 5. ओमप्रकाश बिन्द पुत्र कन्हैया लाल बिन्द निवासी ददरा थाना राजगढ जनपद मीरजापुर , 6. सीमा पत्नी शहजाद उर्फ दिलीप निवासी सतौहा थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, 7. सीता पुत्री रामलाल निवासी इनम थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र , 8. हरिचरण तिवारी पुत्र स्व घनश्याम तिवारी निवासी टोलाखंगार थाना चिकासी जनपद हमीरपुर- हालपता दादा गार्डन के पीछे चरखारी रोड राठ जनपद हमीरपुर व 9. छोटेलाल पुत्र रामकेश निवासी सतौहा थाना घोरावल जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण शहजाद उर्फ दिलीप , शैलेश कुमार उर्फ सत्या व जितेन्द्र बिन्द उर्फ देवकी उपरोक्त के कब्जे से 03 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 05 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त 04 अदद मोटर साइकिल , 10 अदद मोबाइल फोन व जामातालाशी 15000 रू0 बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है।

**पूछताछ अभियुक्तगण-**

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया कि हम लोग विभिन्न जनपद व प्रदेशो से अलग-अलग लोगो सम्पर्क कर शादी कराने के नाम पर बुलाते है तथा उनको सुन्दर लडकियाँ दिखा कर मुँह दिखाई या नेग के नाम पर तुरन्त पैसा वसूलते है तथा पैसा न मिलने पर उनको बन्धक बनाकर मारते-पीटते है तथा जान से मारने का भय दिखा कर उनके परिवार व रिस्तेदारो से आनलाइन ट्रान्जेक्शन/ गूगल-पे/फोन-पे के माध्यम से पैसा मंगाते हैं। इस घटना के पूर्व भी हम लोग कई बार ऐसी घटना कर चुके है, तथा पकडे नहीं गये।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —**

1. शहजाद उर्फ दिलीप पुत्र सकूर अली निवासी –सतौहा ,थाना- घोरावल, जनपद – सोनभद्र, उम्र-35 वर्ष।
2. शैलेश कुमार उर्फ सत्या पुत्र अनिल कुमार निवासी –सतौहा ,थाना- घोरावल, जनपद –सोनभद्र, उम्र-25 वर्ष।
3. जितेन्द्र बिन्द उर्फ देवकी पुत्र जगदीश प्रसाद बिन्द निवासी -सोनवर्ष,थाना-राजगढ,जनपद – मीरजापुर, उम्र-32 वर्ष।
4. सन्तोष बिन्द पुत्र जगदीश बिन्द निवासी- सोनवर्षा,थाना- राजगढ,जनपद –मीरजापुर, उम्र- 28 वर्ष।
5. ओमप्रकाश बिन्द पुत्र कन्हैया लाल बिन्द निवासी-ददरा ,थाना –राजगढ, जनपद – मीरजापुर, उम्र – 25 वर्ष।
6. सीमा पत्नी शहजाद उर्फ दिलीप निवासी –सतौहा ,थाना- घोरावल, जनपद – सोनभद्र, उम्र-28 वर्ष।

7. सीता पुत्री रामलाल निवासी- इनम,थाना शाहगंज,जनपद –सोनभद्र, उम्र-20 वर्ष।
8. हरिचरण तिवारी पुत्र घनश्याम तिवारी निवासी टोलाखंगार थाना चिकासी हमीरपुर- हालपता दादा गार्डन के पीछे चरखारी रोड जनपद हमीरपुर।
9. छोटेलाल पुत्र रामकेश निवासी सतौहा थाना घोरावल, जनपद – सोनभद्र, उम्र-22 वर्ष।

**विवरण बरामदगी** —

अवैध तमन्चा 03 अदद 315 बोर व 5 अदद जिन्दा कारतूस, मोबाइल फोन 10 अदद, मोटर साइकिल 04 अदद, जामातालासी 15000 (पन्द्रह हजार रुपये) नगद व 01 अदद ए.टी.एम. कार्ड।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय** —

ग्राम शाहगंज रोड़ नदी पुल के पास ग्राम नदिहार से, दिनांकः 22.03.2024 को समय 08.10 बजे।

**पंजीकृत अभियोग** —

1.मु0अ0सं0 45/24 धारा 147/420/384/323/504 भादवि, थाना- राजगढ,जनपद- मीरजापुर।
2.मु0अ0सं0-46/24 धारा- 147/323/506/420/386 भादवि , थाना- राजगढ,जनपद- मीरजापुर।
3.मु0अ0सं0- 47/2024 धारा-3/25 आयुध अधिनियम थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर।

**आपराधिक इतिहास** —

मु0अ0सं0- 295/21 धारा- 370 भादवि, थाना- चोपन ,जनपद सोनभद्र (अभियुक्त शहजाद उर्फ दिलीप पुत्र सकूर उपरोक्त)।
मु0अ0सं0 108/18 धारा 302 भादवि थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर (अभियुक्त जितेन्द्र बिन्द उर्फ देवकी )।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम** —

थानाध्यक्ष राजगढ़ विरेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम।
उ0नि0 संजय सिंह, प्रभारी-एसओजी व सर्विलांस मय पुलिस टीम।
थानाध्यक्ष मड़िहान प्रदीप सिंह मय पुलिस टीम।

